रोमांचक जीत के साथ भारत ने जीता अंडर-19 एशिया कप

भारत ने अंतिम गेंद पर पाकिस्तान को एक विकेट से हराया

अल अमेरात (ओमान)। सलामी बल्लेबाजों लक्ष्य रायचंदानी (80) और आर्यवीर सहवाग (58) के अर्धशतकों के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों मोहित उल्वा (नाबाद 49) और मनल चौहान (47) के बीच नौवें विकेट की 57 रन की साझेदारी से भारत ने बेहद रोमांचक फाइनल में गत चैंपियन पाकिस्तान को अंतिम गेंद पर एक विकेट से हराकर नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया। पाकिस्तान के 338 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम कप्तान रायचंदानी और आर्यवीर के बीच पहले विकेट की 95 रन की साझेदारी से एक विकेट पर 146 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी। हालांकि इसके बाद 42वें ओवर तक पाकिस्तान ने भारत का स्कोर आठ विकेट पर 252 रन कर दिया। मोहित ने इसके बाद मनल के साथ मिलकर भारत को वापसी दिलाई और अहमद हुसैन की मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़कर भारत को नौ विकेट पर 339 रन तक पहुंचाकर जीत दिला दी। मनल ने 32 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और तीन छक्के मारे जबकि मोहित ने 26 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और तीन छक्के जड़े। पाकिस्तान ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज उस्मान खान (107) के शतक और अब्दुल कादिर (80) के साथ उनकी 18 ओवर में 135 रन की साझेदारी की बदौलत नौ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कप्तान फरहान यूसुफ ने भी 63 गेंद में 60 रन की पारी खेली। भारत की ओर से तेज गेंदबाज काव्य पटेल ने 68 रन पर चार जबकि सी वेंकट ने 40 रन देकर तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को कप्तान रायचंदानी और आर्यवीर ने पहले विकेट के लिए 17.4 ओवर में 95 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। आर्यवीर ने हाथ में गेंद लगने के बावजूद बल्लेबाजी जारी रखी और रिजवानुल्लाह (53 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर एक रन के साथ 51 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। आर्यवीर हालांकि निकाब शफीक (57 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में उस्मान खान को कैच दे बैठे। उन्होंने 61 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके मारे। रायचंदानी ने इसके बाद वीके विनीत (24) के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। कप्तान ने हसनैन अब्बास डार की गेंद पर एक रन के साथ 72 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रिजवानुल्लाह ने विनीत को उस्मान



के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा और फिर अर्जुन राजपूत (16) को भी विकेटकीपर हमजा जहूर के हाथों कैच कराया। डार ने यशबर्धन चौहान (09) की पारी का अंत किया जबकि रायचंदानी और अन्वय द्रविड़ (19) के विकेट लगातार गेंदों पर गंवाने से भारत संकट में घिर गया। रायचंदानी ने 101 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके मारे। आर्यन सवसानी (09) और काव्य (00) भी अधिक देर नहीं टिक सके। मनल और मोहित ने इसके बाद भारत को वापसी दिलाई। मनल ने मोहम्मद सैयम पर दो छक्के मारे जबकि मोहित ने रिजवानुल्लाह की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। मोहित ने अली रजा पर भी छक्का जड़ा। निकाब ने मनल को उस्मान के हाथों कैच कराके भारत को बड़ा झटका दिया लेकिन मोहित ने सी वेंकट (नाबाद 11) के साथ मिलकर भारत को खिताब दिला दिया। इससे पहले उस्मान ने अपने सलामी जोड़ीदार हयाम खान (21) के साथ महज 8.1 ओवर में 62 रन की तेज साझेदारी की। उस्मान ने 106 गेंद में शतक पूरा किया और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कादिर के साथ मिलकर बीच के ओवरों में दबदबा बनाया। कादिर ने महज 54 गेंद में 80 रन बनाए और 39 गेंद में अपना पहला युवा एकदिवसीय अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर मनल चौहान और ऑफ स्पिनर यशवर्धन चौहान की गेंदों पर लगातार दो छक्के भी जड़े। कादिर की आक्रामक पारी का अंत तब हुआ जब अर्जुन राजपूत की गेंद पर उनका ड्राइव कवर पर खड़े वीके विनीत के हाथों में चला गया। उस्मान भी इसके बाद अधिक देर तक नहीं टिक सके। तेज गेंदबाज काव्या पटेल की गेंद पर शॉर्ट मिड ऑफ पर राजपूत ने उनका कैच लपका। पाकिस्तान का स्कोर 36 ओवर के बाद तीन विकेट पर 240 रन था और टीम ने भारत के खिलाफ बड़े स्कोर की मजबूत नींव रख दी थी।नक्शे देखें कप्तान फरहान यूसुफ ने 63 गेंद में 60 रन की पारी खेलकर पाकिस्तान को 300 रन के पार पहुंचाया। **पता था कि आज मेरा दिन है और मैं टीम को जीत दिलाऊंगा-मोहित**

पाकिस्तान के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप फाइनल में भारत को एक विकेट से यादगार जीत दिलाने के बाद मोहित उल्वा ने कहा कि उन्हें खुद पर पूरा भरोसा था कि वह मुश्किल लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने में टीम की मदद करेंगे। जब 10वें नंबर के बल्लेबाज मोहित आठवें नंबर के बल्लेबाज मनल चौहान का साथ निभाने क्रीज पर उतरे तब 338 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर आठ विकेट पर 252 रन था। इसके बाद दोनों बल्लेबाजों ने नौवें विकेट के लिए 57 रन की अहम साझेदारी कर भारत को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। हालांकि इसके बाद मनल आउट हो गए।



विहान और सहारन चमके, पंजाब ने रोमांचक मुकाबले में हरियाणा को हराया

इंदौर। विहान मल्होत्रा ने 86 रन की तूफानी पारी खेली जबकि उदय सहारन ने आखिरी ओवरों में महज 18 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाकर आक्रामक बल्लेबाजी की जिसकी बदौलत पंजाब ने शनिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप बी मुकाबले में 191 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करते हुए हरियाणा को चार विकेट से हरा दिया। पंजाब ने 19.1 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। सहारन और हरप्रीत बराड़ (एक गेंद पर नाबाद चार रन) ने पांच गेंद शेष रहते टीम को जीत दिलाई। मल्होत्रा ने 50 गेंदों पर आठ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 86 रन बनाए। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह (14 गेंदों पर 22 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 56 रन की तेज साझेदारी कर पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। हरियाणा ने सुमित कुमार और अनुज ठाकुरल की गेंदबाजी के दम पर वापसी की। सुमित ने 55 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि अनुज ने 40 रन देकर दो विकेट हासिल किए। दोनों ने पंजाब का स्कोर दो विकेट पर 113 रन से पांच विकेट पर 128 रन कर दिया। मल्होत्रा के सुमित की ही गेंद पर कैच आउट होने से हरियाणा की मुकाबले में वापसी की उम्मीदें बढ़ गई थीं।

मनिका, श्रीजा और साथियान अपने मुकाबले जीते

फगवाड़ा। पूर्व चैंपियन मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने शनिवार को यहां तीसरी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पहले दिन क्वालीफायर में शानदार जीत दर्ज कर दूसरे चरण के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि महिला वर्ग की शीर्ष 16 वरीय खिलाड़ियों को रविवार से मुख्य ड्रॉ में अपने अभियान की शुरुआत का इंतजार है। मनिका ने ग्रुप 69 में मोनोलिपि सिंघा को 3-0 से हराया जबकि श्रीजा ने भी ग्रुप एक में भूमिका साहूकार को इसी अंतर से शिकस्त दी। दोनों खिलाड़ियों के ग्रुप में अभी एक दौर का मुकाबला बाकी है। वे अंतिम ग्रुप मुकाबलों में भी अपनी लय बरकरार रखते हुए नॉकआउट चरण के लिए बेहतर तैयारी करना चाहेंगी। एसडीएनवी प्रसाद 33 गेंद में 50 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अश्विन हेब्बार ने 16 गेंद में 34 और श्रीराम राहुल ने 27 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए त्रिपुरा की टीम 17.2 ओवर में 98 रन पर सिमट गई। आंध्र की ओर से चीपुरापल्ली स्टीफन ने 29 जबकि केवी शशिकांत ने 12 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। बैलापुडी यशवंत ने 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए। त्रिपुरा की ओर से अरिंदम बर्मन ने 14 गेंद में सर्वाधिक 25 रन बनाए।

राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जलवा दिखाएंगी लखनऊ की तीन बालिकाएं

आज खेल समाचार सेवा

लखनऊ। बीते माह मुरादाबाद में संपन्न हुई स्टेट महिला विद्यालय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बल पर उत्तर प्रदेश की अंडर 17 बालिका टीम में जगह बनाने वाली लखनऊ की तीन बालिकाएं जम्मू कश्मीर में 15 नवंबर से आयोजित अंडर 17 राष्ट्रीय विद्यालय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में अपना जलवा दिखाने के लिए बेकरार है स्टेट चैंपियनशिप में प्लेयर ऑफ द मैच रही आर्यमा मिश्रा जिन्होंने हैट्रिक सहित चार विकेट लेकर सुर्खियां बटोरी थी वह बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी मौजूदगी दर्ज कराने को तैयार हैं। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में जम्मू कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में आर्यमा मिश्रा के अलावा लखनऊ की दो और बालिकाएं सौम्या सिंह और प्रिया भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं तीनों



ही खिलाड़ियों ने स्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर चयनकर्ताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही जिसकी बदौलत उन्हें उत्तर प्रदेश टीम में जगह मिली है। उत्तर प्रदेश की अंडर 15 टीम में जगह बनाने वाली फिरकी गेंदबाज आर्यमा मिश्रा राइजिंग स्टार क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षक दुर्गेश सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं प्रशिक्षक दुर्गेश सिंह का मानना है कि आर्यमा निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रही है आर्यमा ने अयोध्या में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भी शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया था जिसकी चयनकर्ताओं ने जमकर तारीफ की थी वहीं दूसरी ओर चौक स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रिया के प्रशिक्षक राहुल गुप्ता का भी मानना है कि लखनऊ की तीनों ही बालिकाएं अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर उत्तर प्रदेश को चैंपियन बनने में कामयाब होगी , मालूम होगी स्टेट बालिका चैंपियनशिप में लखनऊ मंडल की बालिकाएं पहली बार फाइनल मुकाबले में अयोध्या मंडल को पराजित कर चैंपियन बनने का श्रेय हासिल किया था।

भारत ने भूटान को 2-1 से हराकर सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई

ढाका। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को यहां पीवी विष्णु और चिंगलेनसाना सिंह के गोल की बदौलत भूटान को 2-1 से हराकर सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। विष्णु ने आठवें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। उन्होंने लंबे पास को नियंत्रित करने के बाद दाएं पैर से लगाए शॉट पर भूटान के गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। भारत ने 27वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। किपगेन की ओर से लिए गए कॉर्नर पर भूटान के खिलाड़ी गेंद को क्लीयर नहीं कर सके और इसका फायदा उठाते हुए चिंगलेनसाना ने नजदीक से शानदार गोल दाग दिया।

कृणाल पंड्या का हरफनमौला प्रदर्शन बेकार, चंडीगढ़ ने बड़ौदा को हराया

मुंबई। कृणाल पंड्या के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के बावजूद बड़ौदा को शनिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में चंडीगढ़ के हाथों तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पंड्या ने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाए जिससे बड़ौदा की टीम छह विकेट पर 148 रन बनाने में सफल रही। सलामी बल्लेबाज शिवालिक शर्मा ने 42 गेंदों पर 45 रन की पारी खेली, लेकिन बड़ौदा की टीम पूरी पारी के दौरान रन गति बढ़ाने के लिए संघर्ष करती रही। भारतीय टीम के खिलाड़ी जितेश शर्मा और दीपक हुड्डा भी बल्ले से कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके। इसके बाद पंड्या और दीपक हुड्डा की स्पिन गेंदबाजी ने चंडीगढ़ के बल्लेबाजों को मुश्किल में डाल दिया। पंड्या ने चार ओवर में सात रन देकर दो विकेट झटके जबकि हुड्डा ने दो ओवर में छह रन देकर दो विकेट हासिल किए। लेकिन कप्तान शिवम भांबरी और आरुष भंडारी के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 53 रन की अहम साझेदारी ने चंडीगढ़ को जीत की राह पर बनाए रखा।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी पुडुचेरी और आंध्र ग्रुप सी में जीते

मोहाली। अपने करियर को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे महाराष्ट्र के कप्तान पृथ्वी साव शनिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के ग्रुप सी के शुरुआती मुकाबले में उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके और उनकी टीम को पुडुचेरी के खिलाफ 15 रन से हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पुडुचेरी ने सलामी बल्लेबाज भानु आनंद (27 गेंद में 46 रन), परमेश्वरन शिवरमन (21 गेंद में 46 रन) और पुगझेंदी आकाश (14 गेंद में 42 रन) के उपयोगी योगदान से नौ विकेट पर 204 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। महाराष्ट्र की ओर से विक्की ओस्तवाल (23 रन पर दो विकेट), मुकेश चौधरी (27 रन पर दो विकेट) और प्रशांत सोलंकी (36 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए महाराष्ट्र ने अच्छी शुरुआत की। पृथ्वी साव (25 गेंद में 32 रन) और अर्शिन कुलकर्णी (18 गेंद में 33 रन) ने 4.4 ओवर में 44 रन जोड़े। इसके बाद साव और साहिल पारिख (29 गेंद में 57 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 71 रन की साझेदारी करके महाराष्ट्र की उम्मीदें कायम रखीं। लेकिन 14वें ओवर में दो गेंद के भीतर साव और रामकृष्ण घोष के विकेट गिरने से महाराष्ट्र की लक्ष्य हासिल करने की कोशिश को बड़ा झटका लगा। राहुल त्रिपाठी (27 गेंद में 35 रन) ने उम्दा पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। महाराष्ट्र के पास पर्याप्त विकेट होने के बावजूद टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। ग्रुप सी के एक अन्य मुकाबले में आंध्र ने मुल्लांपुर में शानदार गेंदबाजी करते हुए त्रिपुरा को 43 रन से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए आंध्र ने नौ विकेट पर 141 रन बनाए।